# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़

## वार्षिक विवरण (सत्र 2022-23)

"वसुधैव कुटुंबकम" अर्थात विश्व एक परिवार है। जी-20 के संदर्भ में देखें तो महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की भागीदारी अत्यंत सराहनीय रही है। जहाँ एक ओर भारतवर्ष अपना आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है वहीं इसके साथ-साथ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ अपने 50 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण-जयंती मना रहा है। 1919 में जिस संस्था की औपचारिक नींव रखी गई थी, आज उसने इतना विशाल रूप ले लिया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को वर्तमान अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में 'कॉलेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस' का दर्जा प्रदान किया है। साथ ही, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की स्वायत्त संस्था 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद' ने महाविद्यालय की गुणवत्ता और गुणात्मकता को देखकर 3.57 सीजीपीए प्रदान करते हुए A++ ग्रेड प्रदान किया है। यह सब वर्तमान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के अथक प्रयासों का परिणाम है। अग्रवाल महाविद्यालय का 50 वर्ष पुराना और अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा का 103 वर्ष पुराना अतीत इतना स्वर्णिम है तो भविष्य भी सभी के सतत् प्रयासों और सहयोग से ज्योतिर्मय होगा।

अग्रवाल सभा ने तीन वर्ष पूर्व अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा संचालित इस महाविद्यालय के अतिरिक्त एक अग्रवाल शिक्षण महाविद्यालय तथा चार अन्य स्कूल भी हैं जिसमें दस हज़ार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के उदारमना अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता जी निर्धन एवं फीस देने में असमर्थ विद्यार्थियों की सहायतार्थ प्रत्येक सत्र में धनराशि का योगदान देते हैं जो कि अपने आप में श्रेष्ठ मिसाल है। विगत कुछ वर्षों से

प्रबंध समिति ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समर्थ योजना की शुरुआत भी की है जिसमें उनके लिए फीस माफी, छात्रवृत्ति एवं पुस्तकों की व्यवस्था की जाती है।

विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, समय सारणी, परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति आदि अन्य आवश्यक सूचनाएं प्रदान करने के लिए महाविद्यालय का वेबसाइट पोर्टल है और महाविद्यालय का अपना यूट्यूब चैनल भी है।

वर्तमान में अग्रवाल महाविद्यालय में 4141 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 2315 छात्र एवं 1826 छात्राएं हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए 22 कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिनमें 08 स्नातकोत्तर, 07 स्नातक स्तर के, 05 ऑनर्स, 06 ADD-ON- COURSE कोर्स और 01 बी.वॉक कोर्स हैं। इनके अतिरिक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त ज्ञान देने के लिए 38 सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाए जा रहे हैं।

इसके साथ-साथ आगामी सत्र से एम.बी.ए, एम.सी.ए, एल.एल.बी और बी.फार्मेसी इत्यादि कोर्स शुरू करने की संभावनाएं हैं। महाविद्यालय के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन पुस्तकालय हैं। जिनमें 12116 पुस्तकें, 98 जर्नल तथा 33 दैनिक समाचार पत्र उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय ई-बुक्स ऑफ पर्सन पब्लिकेशन, ई-जर्नल्स तथा एन- लिस्ट (INFLIBNET) DELNET का भी सदस्य है। 698 कंप्यूटरों से युक्त 12 कंप्यूटर लैब, रिटेल लैब, लैंग्वेज लैब और इसी वर्ष एनाल्लैटिक लैब का भी शुभारंभ हुआ है। मीडिया सेंटर, रसायन व भौतिक शास्त्र की प्रयोगशालायें है तथा इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में AUDIO- VISUAL ROOMS, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित दो सभागार भी उपलब्ध हैं। जिनके द्वारा विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें सक्षम बनाया जाता है। महाविद्यालय के तीनों संभाग वाईफाई तथा इंटरनेट से युक्त हैं। कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से भी विद्यार्थियों को शिक्षित किया जाता है। महाविद्यालय के लगभग सभी प्राध्यापक शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए आईसीटी का प्रयोग करते हैं। FLIPPED कक्षाओं का भी शुभारंभ किया गया है जिसमें प्राध्यापक अपने-

अपने विषय पर व्याख्यान रिकॉर्ड कर कॉलेज के यूट्यूब चैनल पर डालते हैं जिससे विद्यार्थी कक्षा में आने से पूर्व विषय की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। इसी प्रकार लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) उपयोग में लाते हैं।

महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की तुलना मैं सदैव घनात्मक रहते हैं। इसके लिए प्रत्येक सत्र में गृह परीक्षाओं का प्रावधान है। जिससे विद्यार्थी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करते है। महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अनेक फोरम, क्लब व विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। एन.सी.सी, एन.एस.एस, महिला प्रकोष्ठ, पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण क्लब, कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, योग क्लब, सामाजिक विज्ञान मंच, इंटर क्लब, हिंदी साहित्य परिषद, स्वच्छता सेनानी, युवा रेडक्रॉस, स्ट्रीट आर्ट मोरल क्लब, संगीत, विज्ञान, रेड रिबन क्लब, अंग्रेजी, गणित, खेल, कंप्यूटर, अर्थशास्त्र, वाणिज्य और प्रबंध आदि विषयों से संबंधित फोरम क्लब के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने अपने क्षेत्र के विशिष्ट विद्वानों की वार्ताएं, प्रश्नोत्तरी, भाषण व ज्ञान उपयोगी कार्यक्रम करवाते रहते हैं। इनसे संबंधित विद्यार्थी अन्य महाविद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर विशिष्ट स्थान प्राप्त करते हैं। भारत सरकार आयुष मंत्रालय के अनुसार महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्रवक्ताओं ने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग की शपथ ग्रहण की और तब से प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक किया जाता है। समर्पण योग क्लब के अंतर्गत योग के विद्यार्थियों ने रोहतक में 15-11-2022 से 16-11- 2022 तक अंतर महाविद्यालय योग टूर्नामेंट में रजत पदक भी प्राप्त किया।

महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, संविधान दिवस, वन महोत्सव, मातृभाषा दिवस, विश्व स्वास्थ्य दिवस, युवा दिवस, महिला दिवस, जल संरक्षण दिवस, पृथ्वी दिवस, विज्ञान दिवस, मतदाता दिवस, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, सरोजिनी नायडू, महर्षि दयानंद, सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, महाराजा अग्रसेन, रविंद्र नाथ टैगोर, सरदार वल्लभभाई पटेल एवं कबीर आदि अनेक महापुरुषों की जयंतियां भी मनाई जाती हैं ताकि विद्यार्थी अपनी श्रेष्ठ प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति तथा राष्ट्रीय गौरव के महत्व को समझते हुए उस पर गौरवान्वित हो सके। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गणतंत्र दिवस पर कविता पाठ, निबंध लेखन, भाषण स्लोगन पोस्टर इत्यादि प्रतियोगिताएं एवं रैलियां आयोजित की गई और गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को पुरस्कार वितरित भी किये गये ।

महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी श्री जयभगवान शर्मा जी की पुण्य स्मृति में महाविद्यालय प्रांगण में ही शहीद स्मारक बनाया गया है। दिनांक 2-05- 1995 को उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले का मुकाबला करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनके बलिदान दिवस को प्रतिवर्ष "स्मृति दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा रैली आदि के माध्यम से पर्यावरण स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, साक्षरता, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, दहेज-प्रथा आदि ज्वलंत सामाजिक विषयों पर सकारात्मक कार्य किया जा रहा है ताकि समाज को कुरीति मुक्त तथा समरसता युक्त बनाया जा सके। इस वर्ष अग्रवाल महाविद्यालय ने 'आउटरीच प्रोग्राम' के अंतर्गत सितंबर माह 2022 में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया और गोद लिए चंदावली गांव में अनेकानेक गतिविधियां आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त स्वच्छता, साक्षरता, चिकित्सा, पर्यावरण, ऊर्जा, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ-साथ रक्तदान

शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए गए। महाविद्यालय की छात्राओं को विशेष रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विगत वर्ष से तीन नए कोर्स -सिलाई, ब्यूटीशियन और कंप्यूटर कोर्स (टैली कोर्स) शुरू किए गए हैं। जिसमें निर्धन छात्राओं को बिल्कुल सस्ते दामों पर सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की सुविधा भी दी गई है।

महाविद्यालय की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को "हरित दिवस" के रूप में मनाया जाता है। सबसे अधिक दिन साइकिल पर आने वाले विद्यार्थियों को "पर्यावरण मैत्री पुरस्कार" और 2100 रुपये की नकद राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा "वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट" लगाया गया है जो उपचारित जल हर्बल गार्डन सिंचाई के काम आता है। महाविद्यालय में दो "वर्मी कंपोस्ट यूनिट" है जिनके द्वारा पत्तों और गीले कचरे से खाद बनती है जो पेड़ पौधों में डाली जाती है।

प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय में दो दिवसीय एथलेटिक मीट का आयोजन भी किया जाता है। महाविद्यालय के होनहार छात्र मनीष नरवाल ने पैरा स्पोर्ट्स विश्व कप, जर्मनी में 12-07- 2022 से 20-07-2022 तक की समयावधि में 10 मीटर 50 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का ही नहीं पूरे भारतवर्ष का नाम रोशन किया । इसके साथ साथ शुभम बीसला ने भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आर्चरी प्रतियोगिता में सागर शर्मा ने अहमदाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। किक बॉक्सिंग में नितिन, लविश, सौरभ और भावना जैसे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए पदक प्राप्त किये। इस वर्ष 3-12-2022 से 5-12-2022 तक अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन भी किया गया। इस वर्ष के बेस्ट एथलीट पुरुष वर्ग में रणधीर (एम.ए इंग्लिश, प्रथम वर्ष) तथा महिला वर्ग में गीता (एम.एस.सी कंप्यूटर साइंस, प्रथम वर्ष) रहे। महाविद्यालय में

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की आर्थिक सहायता से 30 टारगेट वाली 10 मीटर शूटिंग रेंज की स्थापना की जा चुकी है जिसमें खिलाड़ी अभ्यास कर बुलंदियों को प्राप्त कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त एन.एस.एस में भी 24-09-2023 को अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा सपना को सर्वश्रेष्ठ श्रम सेविका का पुरस्कार प्रदान किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाइयां हैं। जिनमें लगभग 300 स्वयंसेवक पंजीकृत हैं।

बड़े गर्व का विषय रहा है कि विगत वर्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल द्वारा युवा रेड क्रॉस की विशिष्ट गतिविधियों के लिए रजत पदक द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के युवा रेडक्रॉस के अंतर्गत इस सत्र में अनेक प्रशिक्षण शिविर जिला रेडक्रॉस, फरीदाबाद और सेंट जॉन एंबुलेंस, फरीदाबाद के सहयोग से लगाए गए जिनमें अन्य महाविद्यालयों से भी विद्यार्थी प्रतिभागिता करते हैं। युवा रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष रेड रिबन क्लब के अंतर्गत "फिट इंडिया फ्रीडम रन" और "फर्स्ट एड रोड सेफ्टी" का आयोजन भी किया गया। इस वर्ष स्वास्थ्य जांच संबंधी शिविर रोटरी क्लब, फरीदाबाद ग्रेस, क्यू.आर.जी हेल्थ सिटी फरीदाबाद, फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया और दृष्टि आई सेंटर के सहयोग से लगाए गए। इसके अंतर्गत किए जाने वाले श्रेष्ठ सराहनीय कार्यों के लिए विगत वर्ष महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस संयोजक डॉ० जयपाल सिंह को माननीय राज्यपाल की ओर से सम्मानित किया गया और उन्हें जिला स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ यूथ रेड क्रॉस संयोजक घोषित किया गया। महाविद्यालय में युवा रेड क्रॉस एन.एस.एस और रेड रिबन क्लब के सहयोग से 27-04-2022 को एवम 10-04-2023 को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान

किया। यह शिविर महाविद्यालय में रोटरी क्लब ग्रेस, तेरापंथ युवक परिषद, लायंस क्लब फरीदाबाद, ग्रेटर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किए गए। महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के अंतर्गत ही छात्राओं के लिए "एनीमिया भगाओ" अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं के रक्त की जांच कराने में लड़कियों को आयरन सप्लीमेंट दिए गए।

महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) किक बॉक्सिंग में सर्टिफिकेट कोर्स की नियमित कक्षाएं अभ्यास भी विगत सत्र से निरंतर चल रही हैं और साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों के कारण महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर वार्ताओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं । महाविद्यालय की छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अंतर महाविद्यालय के बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय में आंतरिक शिकायत कमेटी भी है जिसके माध्यम से विद्यार्थी एवं प्रवक्तागण किसी भी उत्पीड़न के लिए शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत पाँच गांव चंदावली, सुनपेड़, मलेरना, सोतई, साहूपुरा के सरपंचों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। मानव संसाधन भारत विकास की एक योजना “एक भारत श्रेष्ठ भारत” के अंतर्गत तेलंगना राज्य की भाषा, संस्कृति, इतिहास व भूगोल को समझने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त स्नातक स्तर के तृतीय एवं परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों के भविष्य एवं रोजगार को लेकर महाविद्यालय काफी सचेत रहता है। इसलिए महाविद्यालय में समय-समय पर प्लेसमेंट ड्राइव और जॉब फेयर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 5 जॉब फेयर के अंतर्गत लगभग 320 विद्यार्थियों को रोजगार अलग-अलग 40 कंपनियों में दिलवाया गया है।

युवा विद्यार्थियों की भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान करने के लिए वार्षिक पत्रिका "स्त्रोत" का प्रकाशन किया जाता है तथा महाविद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए त्रैमासिक समाचार पत्रिका "न्यूज़ लेटर" भी प्रकाशित की जाती है । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय से दो जनरल भी प्रकाशित होते हैं ।

प्रत्येक सत्र में महाविद्यालय में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के ज्ञान को गति देने के लिए अनेकानेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और अतिथि व्याख्यानों का ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम द्वारा संयोजन किया जाता है। आधुनिक समय की मांग को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए "बौद्धिक संपदा अधिकार" जैसे विषय पर अलग-अलग विभागों द्वारा भी व्याख्यान आयोजित करवाए जाते हैं। महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के लिए भी "संकाय विकास कार्यक्रम" (एफ.डी.पी) आयोजित की गई। जिसमें दो पांच दिवसीय और एक तीन दिवसीय थी। जर्मन भाषा के ज्ञान के लिए यस जर्मनी के सहयोग से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

अपनी संस्कृति से अवगत कराने हेतु संस्कृत विभाग द्वारा "वर्तमान परिप्रेक्ष्य श्रीमद्भागवतगीताया योगदानम" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय की इन सभी उपलब्धियों का श्रेय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, कर्मचारी वर्ग और कॉलेज प्रबंध समिति के सामूहिक प्रयास को जाता है। महाविद्यालय के इस विकास एवं प्रगति में अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा कॉलेज प्रबंध समिति तथा इसके पदाधिकारियों का योगदान विशिष्ट है। पूर्व प्रधान स्वर्गीय लाला रतन सिंह गुप्ता जी, वर्तमान प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता जी, उप प्रधान श्री वासुदेव गुप्ता जी एवं समस्त प्रबंधन समिति का महत्वपूर्ण योगदान सराहनीय है।

विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा, खेल, अनुसंधान और नवोन्मेष चार स्तंभ हैं जिन पर किसी राष्ट्र के कार्य संस्कृति और विकास टिका होता है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवश्यक कौशल प्रदान किया जाता है जिससे वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल हो। अग्रवाल महाविद्यालय के चेयरमैन श्री देवेंद्र गुप्ता जी के कुशल संरक्षण एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय अपने स्वर्णिम युग में प्रवेश कर नए आयामों को ऐसे ही सफलतापूर्वक प्राप्त करता रहेगा।

"ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद्" में उचित ही कहा गया है-

**"चरण वै मधु विन्दति, चरण स्वदुम्,**
**उदुम्बरम् सूर्यस्य पस्य श्रेमणम्।**
**यो न तन्द्रयते चरणं चरैवति चरैवति।।**

(मनुष्य ही मधु पाता है, चलता हुआ ही स्वादिष्ट फल खाता है, सूर्य का परिश्रम देखता है, जो नित्य हुआ वह कभी आलस्य नहीं करता। इसलिए बने रहो, चलते रहो।।)